राजस्थान पुलिस अकादमी ने मोरिजा में किया सघन वृक्षारोपण

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर की फायरिंग रेंज, मोरिजा की पहाड़ियों की गोद में स्थित है। ये पहाड़ियाँ लोह अयस्क की प्रचुरता के लिए प्रसिद्ध है, परन्तु छायादार वृक्षों का नितांत अभाव होने के कारण जवानों को गर्मियों में फायरिंग अभ्यास में काफी तपिश का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत के निर्देशन में आलोक श्रीवास्तव, सहायक निदेशक (आउटडोर) द्वारा महिन्द्रा एवं महिन्द्रा फाइनेंस जयपुर के सौजन्य से इस क्षेत्र को छायादार व फलदार वृक्षों के उपवन के रूप में विकसित की कार्ययोजना तैयार की गई और 70वें स्वाधीनता दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम की श्रृंखला में दिनांक 20.08.2016 को मोरिजा फायरिंग रेंज में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छायादार व फलदार प्रजातियों के 16 किस्म के लगभग 400 पेड़ लगाये गये, जिनमें शहतूत, जामुन, आम, अमरूद, अशोक, करंज, मोलश्री, गुलमोहर, सरस, शीशम, बड़, गुलर, नीम, अकरंण्डा, अर्जुन, सिल्वर ऑक, कनेर, केशिया श्यामा के पेड़ सम्मलित है।

इस अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा फाइनेंस के डिविजनल मेनेजर श्री इन्दूभूषण शर्मा, अकादमी के अधिकारीगण महिन्द्रा फाइनेंस के रीजनल एच.आर. प्रमुख श्री मुकुल कुमार, ग्राम पंचायत मोरिजा के सरपंच श्री बलवीर शर्मा, वृताधिकारी गोविन्दगढ़ श्री ओनाड़ सिंह, थानाधिकारी सामोद श्री विक्रम सिंह व महिन्द्रा फाइनेंस के कर्मचारियों के अतिरिक्त अकादमी के प्रशिक्षक, प्रशिक्षु आरपीएस एवं प्रशिक्षु कान्स्टेबल भी उपस्थित थे।

श्री दासोत ने इस कार्यक्रम को पुलिस जन सहभागिता व समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने अपने संबोधन में वृक्षारोपण के महत्व को समझाते हुए अकादमी के प्रयासों के बारे में बताया कि अकादमी समय-समय पर अपने पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को निभाती आयी है। उन्होंने कहा कि केवल वृक्षारोपण की औपचारिकता निभाने से वांच्छित परिणाम प्राप्त नहीं होंगे वरन् इस संबंध में सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मोरिजा फायरिंग रेंज पर पर्याप्त वृक्ष नहीं होने के कारण गर्मी में फायरिंग के समय विशेष कठिनाई का सामना करना पड़ता है इसलिए वृक्षारोपण के लिए इस बार मोरिजा को चुना गया है। उन्होंने अकादमी सदस्यों को लगाये गये वृक्षों के संरक्षण का संकल्प भी दिलवाया। उन्होंने इस अवसर पर महिन्द्रा फाइनेंस को वृक्षारोपण के सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया।